प्रेस नोट

थाना–पिलखुवा **दिनांक:- 21-03-2023**

- **थाना पिलखुवा पुलिस ने राजेश हत्याकांड का सफल अनावरण करते हुए मृतक की पत्नी सहित 03 हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार ।**
- **जिनके कब्जे/निशांदेही पर आलाकत्ल चाकू, दरांती व मृतक का टूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद।**
- **मृतक राजेश का शव दिनांक 15.03.2023 को थाना पिलखुवा क्षेत्रांतर्गत लावारिश हालत में मिला था।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तों ने अवैध संबंधों के चलते योजनाबद्ध तरीके से की थी राजेश की हत्या।**

सक्षिप्त विवरणः–

दिनांक 15.03.2023 को थाना पिलखुवा क्षेत्रांतर्गत एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था जिसकी पहचान राजेश पुत्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम रेवडी रेवडा थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई थी। मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर थाना पिलखुवा पर मु0अ0सं0 120/23 धारा 302/201 भादवि बनाम बाईस्तवा– टिल्लू व चांद निवासी अज्ञात पंजीकृत किया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमों का गठन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये थे।

कार्यवाहीः–

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा राजेश हत्याकांड का सफल अनावरण करते हुए हत्या में संलिप्त मृतका की पत्नी सहित 03 हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे/निशांदेही पर आलाकत्ल चाकू, दरांती व मृतक का टूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

पूछताछ का विवरणः—

गिरफ्तार अभियुक्त कौशल शिवा ने पूछताछ पर बताया कि उसकी और अभियुक्ता पुष्पा उर्फ पूजा की दोस्ती काफी पुरानी हैं। पूजा उर्फ पुष्पा की शादी, ग्राम रेबडी रेबडा के राजेश(मृतक) से हो गयी थी तथा शादी के बाद भी पुष्पा उर्फ पूजा से उसका अकेले में मिलना जुलना रहता था। पुष्पा उर्फ पूजा का पति राजेश 3—4 साल पहले अपनी पत्नी व बच्चो के साथ पिलखुवा में रहकर मौची का काम करता था। इसी दौरान मेरी और पुष्पा की नजदीकियां और भी बढ गयी थी। राजेश पुष्पा के साथ मारपीट करता था तथा पुष्पा अपने पति राजेश से परेशान होकर उससे शादी करने के लिए तैयार थी और मैं भी पुष्पा से शादी करना चाहता था। इसलिए उसने व पुष्पा ने राजेश की हत्या करने की योजना बनाई। दिनांक 13.03.2023 को योजनाबद्ध तरीके से उसने अपने दोस्त दीपक उर्फ फाईटर के साथ मिलकर राजेश को मयूरी रिक्शा खरीदने के बहाने पिलखुवा बुलाया। इसके बाद उन्होने जटपुरा वाले रोड पर एक गेंहू के खेत की मेंढ पर बैठकर राजेश को अधिक बीयर पिलायी और इसी दौरान हम दोनों नें मिलकर चाकू व दरांती से राजेश की गर्दन मांथे व पेट पर वार कर उसकी हत्या कर दी थी। मृतक राजेश का मोबाइल फोन व पर्स इसलिए निकाल लिया था जिससे उसकी पहचान किसी को न हो सकें और राजेश का फोन तोडकर गेंहू के खेत में फेंक दिया था तथा पर्स मसूरी नहर में में फेंक दिया था।

गिरफ्तारी का स्थानः— **सन्तोगढी मुकीमपुर रोड पर स्थित ट्यूबवेल के पास।**

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः—

1—कौशल शिवा पुत्र हीरालाल निवासी मौ0 डबरिया अर्जुन नगर कस्बा व थाना पिलखुवा जनपद हापुड।

2— दीपक उर्फ फाईटर पुत्र गंगादास निवासी मौ0 डबरिया अर्जुन नगर कस्बा व थाना पिलखुवा जनपद हापुड।

3— पुष्पा उर्फ पूजा पत्नी राजेश निवासी रेबडी रेबडा थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद।

बरामदगी का विवरणः—

1. आलाकत्ल एक चाकू व दरांती।

2. मृतक का टूटा हुआ मोबाइल फोन मय कवर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिह थाना पिलखुवा जनपद हापुड।

2. का0 370 सोनू कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड।

3. का0 734 रवि कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड।

4. है0का0 533 विनीत कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड।